# बी.डी.एम. इंटरनेशनल का इंटरस्कूल डिबेट




**कोलकाता, 12 अगस्त (नि.प्र.)।** बी.डी.एम. इंटरनेशनल द्वारा आयोजित द्रौपदी देवी खैतान मेमोरियल इंटरस्कूल डिबेट 2026 में भवन्स गंगाबक्स कनोरिया विद्यामंदिर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि इंडस वैली वर्ल्ड स्कूल प्रथम उपविजेता रहा। प्रतियोगिता में 13 प्रतिष्ठित विद्यालय आदित्य अकादमी, एपीजे स्कूल, आर्मी पब्लिक स्कूल, भवन्स गंगाबक्स कनोरिया विद्यामंदिर, गोखले मेमोरियल गर्ल्स स्कूल, इंडस वैली वर्ल्ड स्कूल, ला मार्टिनियर फॉर बॉयज़ एवं गर्ल्स, रूबी पार्क पब्लिक स्कूल, सेंट ज़ेवियर्स कॉलेजिएट स्कूल, मॉन्टफोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द बीएसएस स्कूल और बी.डी.एम. इंटरनेशनल सहित कई प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध शिक्षाविद् सुश्री हिल्डा पीकॉक रहीं तथा श्री प्रदीप गुप्तु ने मॉडरेटर की भूमिका निभाई। प्रधानाचार्या मधुमिता सेन गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, आत्मविश्वास और प्रभावशाली अभिव्यक्ति का विकास करते हैं। सीईओ एस. एल. गुप्ता ने विद्यार्थियों के उत्साह और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। निर्णायक मंडल में डॉ. तानिया चक्रवर्ती, डॉ. देबिका गुहा, प्रो. मनु ऑड्डी चटर्जी एवं श्री देबाशीष रायचौधुरी शामिल रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों के तर्क, विषय–बोध और वक्तृत्व–कौशल की सराहना की। प्रधानाचार्या महोदया मधुमिता सेनगुप्ता ने सभी शिक्षकों, आयोजकों और प्रतिभागियों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई प्रेषित किया। 91.9 फ्रेंड्स एफएम कार्यक्रम का सहयोगी रहा। धन्यवाद ज्ञापन और स्कूल सॉन्ग के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।